Helpline **1064** **94135-02834**

# कार्यालय महानिदेशक भ्रष्टाचार निरोधक ब्यूरो

(जनसम्पर्क प्रकोष्ठ)

प्रेस नोट

- **जिला धौलपुर में सैपऊ पुलिस थाने के हैड.कानिस्टेबल 4000/–रूपये रिश्वत लेते रंगे हाथों गिरफ्तार।**

जयपुर, 03 अप्रेल, गुरूवार। एसीबी मुख्यालय के निर्देश पर एसीबी चौकी धौलपुर द्वारा आज कार्यवाही करते हुए आरोपी कृष्ण मुरारी, हैड.कानिस्टेबल पुलिस थाना सैपऊ जिला धौलपुर को 4000/–रूपये रिश्वत राशि लेते हुए रंगे हाथों गिरफ्तार किया है।

भ्रष्टाचार निरोधक ब्यूरो के **महानिदेशक पुलिस श्री डॉ. रवि प्रकाश मेहरडा** ने बताया कि एसीबी चौकी धौलपुर को एक शिकायत इस आशय की मिली कि परिवादी व परिवादी के पिताजी व बडे भाई के विरूद्ध पुलिस थाना सैपऊ में दर्ज मुकदमें में मदद करने एवं भविष्य में परेशान नही करने की एवज में आरोपी द्वारा उससे 5000/–रूपये की मांग कर परेशान किया जा रहा है।

जिस पर एसीबी रेंज भरतपुर के **उप महानिरीक्षक पुलिस श्री राजेश सिंह** के सुपरविजन में एसीबी चौकी धौलपुर के **उप अधीक्षक पुलिस श्री सुरेन्द्र सिंह** के नेतृत्व में रिश्वत मांग सत्यापन होने के पश्चात आज **उप अधीक्षक पुलिस श्री सुरेन्द्र सिंह** एवं अन्य के द्वारा ट्रेप कार्यवाही करते हुए आरोपी कृष्ण मुरारी, हैड.कानिस्टेबल पुलिस थाना सैपऊ जिला धौलपुर को 4000/–रूपये रिश्वत राशि लेते हुए रंगे हाथों गिरफ्तार किया गया है।

एसीबी की **अतिरिक्त महानिदेशक पुलिस श्रीमती स्मिता श्रीवास्तव** के सुपरविजन में आरोपियों से पूछताछ तथा कार्यवाही जारी है। एसीबी द्वारा मामले में भ्रष्टाचार निवारण अधिनियम के अन्तर्गत प्रकरण दर्ज कर अग्रिम अनुसंधान किया जावेगा।